





नवभारत
भोपाल, बुधवार, 22 अक्टूबर, 2025


# खुशियों के पर्व दिवाली पर बुझे दो नन्हें चिराग

## ग्राम कचनारिया के मालवीय परिवार में छाया गम का माहौल, अज्ञात कारणों से मासूम भाई-बहन की मौत

- तीन बच्चों को उल्टी होने पर डॉक्टर से कराया था इलाज
- दो बच्चों ने दम तोड़ा, तीसरे का भोपाल में जारी है उपचार

नवभारत न्यूज

**सीहोर/आष्टा 21 अक्टूबर. दीपावली के त्योहार को खुशियों और उमंग का संदेश देने वाला माना जाता है, लेकिन आष्टा तहसील के ग्राम कचनारिया निवासी अखलेश मालवीय के परिवार के लिए यह त्योहार मातम का संदेश लेकर आया. उसके दो मासूम बच्चे तबीयत खराब होने के बाद मौत की गहरी नींद में सो गए तो एक बच्चा हमीदिया अस्पताल में मौत और जिंदगी के बीच झूल रहा है. इस घटना से जहां परिवार गमजदा है, वहीं प्रशासन में भी हड़कंप का माहौल बना है. पीएम रिपोर्ट आने के बाद बच्चों की मौत के कारणों का पता चल सकेगा.**







आष्टा. ग्राम कचनारिया में दो बच्चों की मौत के बाद मातम पसरा हुआ है. वहीं प्रशासनिक व स्वास्थ्य अधिकारियों ने भी गांव का निरीक्षण किया. मृतक बच्चे वंश और अंशिका.

आष्टा तहसील के ग्राम कचनारिया निवासी अखलेश मालवीय रविवार को अपने तीन बच्चे आठ वर्षीय वंश, 5 वर्षीय वंशिका और डेढ़ वर्षीय को उल्टी होने पर कोठरी के एक क्लीनिक पर राजेश नामक डॉक्टर के पास इलाज कराने ले गया. अपनी दो संतानों को खोने वाले पिता अखलेश का कहना है कि डॉक्टर ने वंश और अंशिका को इंजेक्शन लगाया, वंशिका को सिरप पिलाने दी. इलाज कराने के बाद घर लौट आए. रात में बच्चों की तबियत फिर बिगड़ गई. सोमवार सुबह 5 बजे अंशिका मालवीय ने दम तोड़ दिया. उसे दफनाने के बाद वंश और वंशिका की हालत ज्यादा खराब हुई तो परिजन आष्टा अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टर ने सीहोर रेफर कर दिया. रास्ते में सुबह 11 बजे के करीब वंश की भी मौत हो गई, अभी वंशिका का भोपाल में इलाज चल रहा है. अखलेश ने रोते हुए कहा कि बेटे, बेटी को खोने का गम अब कैसे सहेंगे. पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद आगे की जांच शुरू की जाएगी.

### जांच के बाद कुछ कहेंगे जिम्मेदार

हमने परिजनों से चर्चा की है. बच्चों ने क्या खाया था उसका पता किया है। सुरक्षा की दृष्टि से घरों का भी सर्वे किया, जिसमें पता किया की कही कोई बीमार तो नहीं.

**डॉ. बीके डोहर,**
प्र. स्वास्थ्य केन्द्र कोठरी

बच्चों की मौत का कारण अभी पता नहीं चला है. पीएम रिपोर्ट आने के बाद पता चलेगा कि मौत कैसे हुई है। इसके बाद ही आगे की कार्रवाई प्रारंभ की जाएगी.

**आकाश अमलकर,**
एसडीओपी, आष्टा

### प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे

इस घटना की सूचना मिलते सोमवार को आष्टा तहसीलदार राम पगारे, बीएमओ डॉक्टर अमित माथुर कचनारिया पहुंचे और परिजन से घटना की जानकारी ली. मंगलवार को कोठरी प्राथमिक स्वास्थ्य विभाग प्रभारी डॉ. बीके डोहर टीम के साथ आए और मृतक बच्चों के पिता अखलेश मालवीय से कुछ दूषित खान-पान में तो नहीं आया उसके बारे में पता किया। अखलेश ने उनको बताया कि बच्चों ने कुछ भी दूषित सामग्री का सेवन नहीं किया. टीम ने सुरक्षा की दृष्टि से आसपास के घरों का सर्वे किया, जिसमें पता किया की और कोई तो बीमार नहीं है.

### बच्चों की मौत को लेकर सिंकने लगीं राजनीतिक रोटियां

बच्चों की मौत के बाद राजनीति शुरू हो गई है. मंगलवार को कांग्रेस पार्टी से जिला पंचायत सदस्य कमलसिंह चौहान कचनारिया पहुंचे और परिजनों से चर्चा की .चौहान ने बताया कि संदिग्ध परिस्थिति में दोनों बच्चों की मौत हुई है. हाल में छिंदवाड़ा में कई बच्चों की कफ सिरप पीने से मौत हुई है. कहीं ऐसा तो नहीं हुआ इसे देखते हुए उच्च स्तरीय जांच होना चाहिए. जिससे कि दोनों बच्चों की मौत का कारण सामने आ सके. शासन को परिवार को न्याय दिलाने के साथ ही सहयोग करना चाहिए.

## मतदाता सूची पुनरीक्षण तिथि में संशोधन

**सीहोर.** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरपालिकाओं की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण की तैयारी के लिए प्रक्रिया एवं समय सारणी जारी की गई है. आयोग द्वारा निर्धारित समय सारणी के तृतीय चरण की कार्यवाही में संशोधन किया गया है. जिसमें दावा आपत्ति प्राप्त करना एवं अंतिम मतदाता सूची तैयार करने का कार्य किया जाएगा. संशोधित कार्यक्रम अनुसार 24 अक्टूबर तक दावे आपत्ति प्राप्त करने की अवधि निर्धारित की गई है. इसी प्रकार दावा आपत्ति आवेदन पत्रों के निराकरण की अंतिम तिथि 4 नवंबर है. निराकृत दावा आपत्ति आवेदन पत्रों में प्रविष्टि की अंतिम तिथि 10 नवंबर, चैकलिस्ट तैयार करने की अंतिम तिथि 13 नवंबर, त्रुटि सुधार उपरांत वेण्डर को वापस करने तथा फोटोयुक्त और फोटो सहित अंतिम मतदाता सूची जनरेट करने की अंतिम तिथि 17 नवंबर, वेबसाइट पर अपलोड करने की अंतिम तिथि 18 नवंबर, रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को उपलब्ध कराने की अंतिम तिथि 20 नवंबर, सूची का नगरपालिका वार्ड तथा अन्य विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन की अंतिम तिथि 21 नवंबर, अंतिम मतदाता सूची की फोटो सहित विक्रय के लिए उपलब्ध कराने, फोटोयुक्त अंतिम मतदाता सूची के सार्वजनिक प्रकाशन का प्रमाणपत्र स्केन कर अपलोड करने, नगरपालिका की अंतिम मतदाता राष्ट्रीय राजनैतिक दलों को उपलब्ध कराने तथा स्टेण्डिंग कमेटी की बैठकों के आयोजन की तिथि 22 नवंबर निर्धारित है.

## नर्मदा में डूबने से युवक की मौत, एक को बचाया

नवभारत न्यूज

**बुधनी 21 अक्टूबर.** नर्मदा घाट पर त्योहार के मौके पर फिर एक दर्दनाक हादसा हो गया. स्नान के दौरान गहरे पानी में चले जाने से एक युवक की डूबकर मौत हो गई. जबकि दूसरे युवक को स्थानीय लोगों ने बचा लिया.

जानकारी के अनुसार भोपाल के जाटखेड़ी निवासी छह युवक नर्मदा घाट स्नान करने पहुंचे थे. इस दौरान स्नान करते समय 18 वर्षीय सूरज विश्वकर्मा पिता गोकुल प्रसाद निवासी जाटखेड़ी अपने साथियों कुलदीप, दीपक और राजेश विश्वकर्मा के साथ गहरे पानी में चला गया. देखते ही देखते सूरज और कुलदीप दोनों डूबने लगे. मौके पर मौजूद युवक वरुण मांझी, दीपक यादव और दीपक मेहरा ने पानी में छलांग लगाई और कुलदीप को सुरक्षित बाहर निकाल लिया. हालांकि, सूरज को नहीं बचाया जा सका. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची. शव को स्थानीय गोताखोरों की मदद से बाहर निकालकर सिविल अस्पताल भेजा गया. पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है. गौरतलब है कि पिछले दो महीनों में यह तीसरा हादसा है. ऐसी घटनाओं को देखते हुए लोगों ने नर्मदा घाट पर सुरक्षा इंतजाम बढ़ाने, चेतावनी बोर्ड लगाने और गहरे पानी वाले क्षेत्रों में संकेतक स्थापित करने की मांग की है. नर्मदा घाट पर न तो सुरक्षा कर्मी तैनात हैं और न ही किसी प्रकार के चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं.

# ताश पत्तों से हार-जीत का दांव लगाते धराए 17 जुआरी

- भैरुंदा पुलिस ने ग्राम डिमावर के मकान में डाली दबिश
- 1.45 लाख से अधिक राशि व तीन बाइक, मोबाइल भी जब्त

नवभारत न्यूज

**भैरूंदा 21 अक्टूबर.** दीप पर्व पर पुलिस ने एक बड़ी जुए की फड़ पर छापामार कार्यवाही कर 17 जुआरियों को गिरफ्तार कर लाखों रुपए नगदी बरामद किए हैं.



जानकारी के अनुसार बीती रात को मुखबिर द्वारा पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम डिमावर में एक मकान में कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं. सूचना पर एसडीओपी रोशन जैन के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी घनश्याम दांगी द्वारा टीम गठित कर छापामार कार्यवाही की गई. कुल 17 आरोपियों को हिरासत में लिया गया. पुलिस ने आरोपियों से नगदी 1 लाख 45 हजार 410 रुपए व 3 बाइक जप्त की. छापामार कार्यवाही में पुलिस ने दीपक पिता गणेश मालवीय, सुनील पिता गणेश मालवीय, शैलेन्द्र पिता संतोष सेन, कोशल पिता अनिल यादव, आकाश पिता केलाराम यदुवंशी, दशरथ उर्फ भूरा पिता गणेश मालवीय, कमलेश पिता फूलचंद यादव, अजय पिता नर्मदाप्रसाद यादव, विमल पिता जसवंत यादव, इमरतलाल पिता बरजोर सिंह यदुवंशी, शिवराज पिता जय नारायण सेन, नितेश पिता रमेश सेन, रोहित पिता नारायणसिंह यादव, पदमसिंह पिता ऊधम यदुवंशी, जितेन्द्र पिता रामविलाश सेन, महेन्द्र पिता तुलसीराम केवट एवं रोहित पिता सुगनचंद सेन निवासी ग्राम डिमावर को गिरफ्तार किया गया. वहीं मौके से कुछ आरोपीफरार हो गए जिनकी तलाश जारी है. इस कार्यवाही में प्रधान आरक्षक धर्मेन्द्रसिंह गुर्जर, दिनेश जाट, आरक्षक प्रकाश नर्रे, मनोक परते, सतेन्द्र, निखिल सुर्यवंशी आदि की भूमिका रही.

# शहीद जवानों की वीरता को नमन कर दी श्रद्धांजलि

- पुलिस लाईन में पुलिस स्मृति दिवस पर हुई परेड
- अमर शहीदों में 11 पुलिसकर्मी व अधिकारी मध्यप्रदेश के

नवभारत न्यूज

**सीहोर 21 अक्टूबर.** पुलिस लाइन में मंगलवार को पुलिस स्मृति दिवस परेड का आयोजन कर शहीद अधिकारी एवं कर्मचारियों को श्रद्धांजलि दी गई.



एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने बताया कि 66 वर्ष पूर्व सीआरपीएफ के जवानों की एक टुकड़ी चीन की सीमा पर लदाख के दुर्गम क्षेत्र हॉट स्प्रिंग नामक स्थान पर तैनात थी. गश्त के दौरान चीनी सेना ने घात लगाकर टुकड़ी पर हमला कर दिया. जवानों ने 16 हजार फीट की ऊंचाई पर संसाधनों की कमी होने के बावजूद चीनी सेना का सामना किया और अपनी पोस्ट नहीं छोड़ी. इस हमले में 10 जवान वीरगति को प्राप्त हुए. उन्हीं की स्मृति में प्रत्येक वर्ष 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस परेड का आयोजन किया जाता है.

उन्होंने बताया 1 सितंबर 24 से 31 अगस्त तक विगत एक वर्ष में 191 अधिकारी एवं कर्मचारियों ने आतंरिक सुरक्षा बनाए रखते हुए कर्तव्य की वेदी पर प्राणों की आहूति दी है, जिनके नाम का वाचन एसपी दीपक कुमार शुक्ला द्वारा किया गया. इस अवसर पर सूबेदार प्राची राजपूत एवं सुनीता मेतवाल ने परेड की कमान संभाली और प्लाटूनों ने सलामी दी. समारोह में एएसपी सुनीता रावत, मजिस्ट्रेट दीपेंद्र मालू, जेल अधीक्षक प्रतिभा पटेल, एसडीओपी पूजा शर्मा, उपेंद्र यादव, रविंद्र यादव, माया सिंह, बृजमोहन धाकड़ आदि मौजूद थे.

## अयोध्या की तरह सड़क पर सजाई दीपमाला

नवभारत न्यूज

**सीहोर 21 अक्टूबर.** रामलला मंदिर अयोध्या की तर्ज पर दुर्गा कॉलोनी में 5555 दीपों की माला सड़क पर सजाई गई. मुन्नालाल जायसवाल के नेतृत्व में भाजपा नेता गौरव सन्नी महाजन के मुख्य आतिथ्य में कॉलोनी वासियों द्वारा दीपावली मनाई गई.

दीप महोत्सव के दौरान बताया कि नौ साल पहले समाजसेवी मुन्नालाल जायसवाल द्वारा अयोध्या में भगवान श्री राम मंदिर निर्माण होने की मनोकामना के साथ 12 वर्ष तक दीप उत्सव मनाने संकल्प लिया गया था जिस के उपलक्ष्य में वह 5555 दीपों की माला प्रतिवर्ष कॉलोनी में सड़क पर सज रहे हैं भाजपा द्वारा उनका



यह संकल्प भी पूर्ण हो गया है और अयोध्या में राम मंदिर बनकर तैयार हो गया है. आगामी तीन वर्षों तक इसी प्रकार दुर्गा कॉलोनी में दीप उत्सव मनाया जाएगा. कार्यक्रम में सोहन वर्मा, मनोज शर्मा, मूलचंद छाया, हरि सिंह ठाकुर, कमल किशोर शर्मा, सुरेश विश्वकर्मा, श्याम लाल शर्मा, मनीष, अनूप, हरीश विश्वकर्मा, राजू बोयत आदि शामिल थे.


**अजब- गजब** समीपस्थ ग्राम लसूड़िया परिहार के मंदिर में सदियों से दीपपर्व के दूसरे दिन लगती है सांपों की अदालत

# अनोखी अदालत, पेशी पर आए सांपों ने बताई डंसने की वजह

नवभारत न्यूज

**सीहोर 21 अक्टूबर.** समीप के लसूड़िया परिहार गांव में दीपावली के दूसरे दिन सदियों पुरानी परंपरा के तहत लगती है 'सांपों की अदालत'. पीड़ितों के शरीर में नागों की आत्मा आकर बताती है कि उसने क्यों डंसा. मंत्र, भरनी और कांडी की धुन पर होती है यह रहस्यमयी पेशी.

लसूड़िया परिहार गांव में दीपावली के दूसरे दिन एक ऐसा दृश्य देखने को मिलता है, जो विज्ञान को भी हैरान कर देता है. यहां सौ साल से अधिक पुरानी परंपरा सांपों की अदालत आज भी पूरी आस्था के साथ निभाई जाती है. इस अदालत में सर्पदंश से पीड़ित लोग अपने डसने का कारण जानने आते हैं और मान्यता है कि स्वयं नाग देवता मानव शरीर में प्रवेश कर डंसने की वजह बताते हैं. जिला मुख्यालय से करीब 15 किलोमीटर दूर, दीपावली के दूसरे दिन हनुमानजी की मडिया में यह अनोखी अदालत लगती है. कांडी और भरनी की धुनों पर सर्पों को बुलाया जाता है. पीड़ितों में से कुछ लोग नाग की तरह लहराने लगते हैं.बताया जाता है कि उस वक्त उनमें नागदेवता की आत्मा प्रवेश करती है. हजारों श्रद्धालु अदालत का यह दिव्य दृश्य देखने दूर-दूर से पहुंचते हैं.



मंदिर परिसर में जब ढोलक, मंजीरा और मटकी की धुन के साथ विशेष मंत्र गाए जाते हैं, तो पीड़ित व्यक्ति के शरीर में नाग आत्मा प्रवेश करती है। वह व्यक्ति नाग की तरह फन उठाकर झूमता है और उसी के माध्यम से नाग बताता है क्यों डसा. सुमित्रा बाई के शरीर में आकर सांप ने बताया कि उसे ट्रैक्टर से कुचल दिया था,इसके कारण उसने काटा.

### तीन पीढ़ियों से जारी है पेशी की परंपरा

गांव के मन्नू गिरी महाराज बताते हैं कि उनके परिवार की तीन पीढ़ियां यह परंपरा निभा रही हैं .सांप की आत्मा से प्रश्न पूछे जाते हैं, और फिर बाबा मंत्रोच्चार के साथ पीड़ित को मुक्त करते हैं. परंपरा है कि नागदेवता से वचन लिया जाता है कि वे दोबारा उस व्यक्ति को नहीं काटेंगे. यदि किसी को सर्प काट ले, तो तुरंत कटे हुए स्थान पर एक बंध लगाना चाहिए. पीड़ित को पानी नहीं पिलाना चाहिए और सीधे बाबा के पास लाना चाहिए. बाबा यहां मंत्रों का उच्चारण करके उपचार करते हैं.

## शाहगंज में हर्षोल्लास से मना दीप पर्व

**शाहगंज.** नगर में दीपावली पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. लोगों ने दुकान एवं घरों में शाम 7:15 से रात्रि 9:15 तक शुभ मुहूर्त में सभी ने माता लक्ष्मी की पूजा अर्चना की. तत्पश्चात घरों व प्रतिष्ठानों पर दीपक जलाएं एवं सभी ने आतिशबाजी चला कर दीप पर्व मनाया. पर्व के चलते घरों एवं दुकानों में आकर्षक रंगोली बनाई गई थी एवं विद्युत साज सज्जा कर घर एवं दुकानों को सजाया गया था. मंगलवार को हिंदू उत्सव समिति के तत्वाधान में अटल चौराहे पर दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया. मुख्य अतिथि विधायक रमाकांत भार्गव थे. कार्यक्रम में बड़ी सं या में लोग उपस्थित हुए एवं सभी ने एक दूसरे को दीपावली की बधाइयां दी.

## एक नजर में



### श्रद्धालुओं की प्यास बुझाने प्रदान किए पांच टैंकर

**सीहोर.** कुबेरेश्वर मंदिर में छोटी दीपावली के अवसर पर यहां आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को जल उपलब्ध कराने के लिए दांगी परिवार ने सनातन धर्म से प्रेरित होकर अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पं. प्रदीप मिश्रा को विठलेश सेवा समिति को पांच टैंकर प्रदान किए हैं. इस मौके पर समाजसेवी अनिल सिंह, राजेश सिंह और अरविन्द सिंह दांगी परिवार ने कहा कि उनकी माता श्री लंबे समय से एक लोटा जल भगवान शिव को अर्पित करती आ रही हैं. जिसके कारण आज उनके परिवार में एकजुटता के साथ सुख-समृद्धि का वास हो रहा है. पंडित श्री मिश्रा ने दांगी परिवार की इस पहल और सहयोग के लिए कहा कि पीने की पानी की समस्या भी दूर होगी. आगामी दिनों में पेयजल के लिए समय-समय पर टैंकरों सहयोग से श्रद्धालुओं के लिए लगाया जाएगा.



### जरुरतमंदों के बीच किया दीपावली सामग्री का वितरण

**सीहोर.** पूर्व नपा अध्यक्ष राकेश राय ने शहर के इंदरा नगर बस्ती में दीपावली के पर्व पर बधाई के साथ सामग्री का वितरण किया. इस मौके पर बच्चों को आतिशबाजी प्रदान करते हुए दीप पर्व आस्था और उत्साह के साथ मनाए जाने की अपील की. उन्होंने स्थानीय दुकानदारों से सामग्री लेने की अपील की. दीपावली पर ऑनलाइन खरीदारी न करके स्वदेशी वस्तुओं को अपनाएं, जिससे स्थानीय कारीगरों और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा. इस त्योहारी सीजन में, आप पारंपरिक मिट्टी के दीये, सजावटी सामान और अन्य उपहार स्वदेशी वस्तुओं से खरीद सकते हैं, जो आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को भी पूरा करेंगे. क्षेत्रवासियों को दीपावली की बधाई संदेश देते हुए कहा कि दीपावली का पर्व प्रकाश का पर्व है. भारतीय अर्थव्यवस्था में त्योहारों का महत्वपूर्ण योगदान होता है. इन त्योहारों में हर समाज और उनके द्वारा निर्मित्त होने वाली वस्तुओं का महत्व होता है.




### पत्रकार संगठन के कार्यक्रम में किया स्वागत

**सीहोर.** श्रमजीवी पत्रकार संगठन अध्यक्ष महेश कुमार द्वारा प्रथम सम्मेलन आयोजित किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत रिटा.सहायक संचालक रविन्द्र कुमार बांगरे द्वारा की गई. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पत्रकार प्रदीप चौहान थे. अध्यक्षता केजी बैरागी एवं विशेष अतिथि संतोष सिंह आर्य, डॉ.अनीस खान एवं संतोष सिंह बैस, जिला पंचायत प्रतिनिधि व समाज सेवी सुनील फरेला थे. कार्यक्रम में पत्रकारों की सुरक्षा और रणनीति तथा अपनी मांगों को सरकार तक पहुंचाने को लेकर सर्व स मति से प्रस्ताव पास किया गया तथा पत्रकारों की सुरक्षा स्वास्थ्य, पेंशन और अधिमान्यता प्राप्त पत्रकारों की सुविधा ग्रामीण पत्रकारों को शहरी पत्रकारों के समान सुविधा, आकस्मिक मृत्यु स्थिति में परिवार को सहायता राशि, बैठक का उद्देश्य था. इस दौरान संगठन का विस्तार करना, रणनीति बनाना और अपनी मांगों को सरकार तक पहुंचाना, शासन स्तर पर पत्रकार भवन की सुविधा एवं पत्रकारआवास कॉलोनी का निर्माण, पत्रकार साथियों को एक जुट रहकर कार्य करने पर जोर दिया गया. प्रदीप चौहान एवं संतोष सिंह बैस के जन्मदिन अवसर पर तथा अध्यक्ष महेश कुमार का सम्मान किया गया.




### युवा कवियों को मिला साहित्य श्री सम्मान

**सीहोर.** साहित्य और कला को समर्पित संस्था रूबरू फाउडेंशन लखनऊ के तत्वाधान में कहकशां-ए-अदब के तत्वधान में साहित्य साधना मंच के सहयोग से राजधानी में शायर काजी मलिक नवेद की अध्यक्षता में कौमी एकता अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एवं मुशायरा दीपावली पर्व पर सम्पन हुआ. अखिल भारतीय मुशायरा एवं कवि सम्मेलन में देश के ख्याती प्राप्त शायर एवं कवियों ने हिस्सा लिया. इस दौरान संस्थापक अध्यक्ष इरशाद राही ने सीहोर के युवा कवि संदीप मेवाड़ा, डॉ.अखिलेश हठीला, राहुल ठाकुर को साहित्य श्री सम्मान से सम्मानित कर मेडल तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया. इस अवसर पर साहित्य साधना मंच की ओर से कार्यक्रम संयोजक शायर सलमान हैदर सलमान को सम्मान पत्र भेंट किया.

### मां की स्मृति में बनेगी पानी की टंकी, शर्मा ने की घोषणा

**बुधनी.** नगर के वरिष्ठ व्यापारी एवं टेंट हाउस संचालक ललित शर्मा की



माताजी श्रीमती नन्नी बाई शर्मा पत्नि गणेश प्रसाद शर्मा का लंबी बीमारी के चलते बीती रात निधन हो गया. मंगलवार को उनके निज निवास से अंतिम यात्रा निकली गई. जिसमें नगर सहित आसपास क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए. बुधनी, नर्मदापुरम, इटारसी सहित अन्य स्थानों से पहुंचे लोगों ने मुक्तिधाम पर अंतिम संस्कार के दौरान उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की. अंतिम संस्कार के समय ललित शर्मा, पप्पु शर्मा एवं दीपक शर्मा ने अपनी माताजी की चिता को मुखाग्नि दी. वहीं अपनी माताजी की स्मृति में ललित शर्मा ने मुक्तिधाम घाट पर दो लाख ग्यारह हजार रुपए की लागत से पानी की टंकी निर्माण कराने की घोषणा की. उनकी इस पहल की लोगों ने सराहना की.